## थाना अजनर पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिसटीम द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.10.2021 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेजबहादुर सिंह के पर्यवेक्षण में अभियान के दृष्टिगत थानाध्यक्ष अजनर लाखन सिंह द्वारा गठित वरिष्ठ.उ.नि. रामप्रताप यादव के नेतृत्व में टीम ने मुखविर खास की सूचना पर केश न. 3246/2021 धारा 325/323/504 भादवि थाना अजनर जिला महोबा, कोर्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा से सम्बन्धित वारन्टी अभियुक्त कल्लू पुत्र वहादुर राजपूत निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा उम्र 50 वर्ष को ग्राम टिकरिया से गिरफ्तार किया गया, वाद आवश्यक कार्यवाही कर वारंटी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया

### गिरफ्तार अभियुक्त -

कल्लू पुत्र वहादुर राजपूत निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा उम्र 50 वर्ष

### गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1. वरिष्ठ उ.नि. रामप्रताप यादव थाना अजनर जिला महोबा
2. का. नरेन्द्र बाबू थाना अजनर जिला महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 08.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का किया गया निरीक्षण एवं सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश...।

आज दिनांक **08.10.2021** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के द्वारा पुलिस लाइन महोबा का निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वप्रथम क्वार्टर गार्द में सलामी लेकर जी0पी0 स्टोर, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, गणना / जीडी कार्यालय, निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया व गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमुख रुप से पुलिस लाइन अवस्थित समस्त शाखाओं का भ्रमण कर रजिस्टर को अद्यावधिक करने के निर्देश दये गये, इसी क्रम में सम्बन्धित शाखा में नियुक्त कर्मियों से वार्ता कर अपनी शाखा एवं आस-पास परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने तथा कण्डम पडे सामान पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने व कीटनाशक के छिड़काव के निर्देश दिये गये, जिससे परिसर साफ-सुथरा दिखायी दे तदोपरान्त पुलिस लाइन्स स्थित बैरक/आवासीय परिसरों का निरीक्षण कर मौजूद पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को जाना गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी/लाइन्स श्री उमेश चन्द्र, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह, प्रभारी परिवहन शाखा, पीआरओ श्री राजेश मौर्य व अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार -

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 08/10/2021 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार द्वारा गठित टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम तिन्दौली से केश सं0 29/14 धारा 394/427/120बी/411 भादवि थाना श्रीनगर जनपद महोबा से सम्बन्धित एक नफर वारण्टी अभियुक्त इन्द्र सिंह पुत्र गुलाब सिंह उम्र निवासी ग्राम तिन्दौली थाना श्रीनगर जनपद महोबा को ग्राम तिन्दौली से गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही कर वारण्टी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार अभियुक्त :–

इन्द्र सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम तिन्दौली थाना श्रीनगर जनपद महोबा उम्र- 32वर्ष

## गिरफ्तार करने वाली टीम :-

1. उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश
2. रि0 का0 निशान्त कुमार पटेल



# महोबा पुलिस



## थाना खन्ना पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 08.10.2021 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में अभियान के दृष्टिगत थाना खन्ना प्र0नि0 शिव आसरे द्वारा उ0नि0 राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.स. 77/2021 धारा 363/366 भादवि व 8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मनोज कुमार निषाद पुत्र राम बहादुर निषाद उम्र लगभग 23 वर्ष को ग्राम खन्ना बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

मनोज कुमार निषाद पुत्र श्री राम बहादुर निषाद उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी ग्राम सम्भुआ थाना बिधनू जिला कानपुर नगर

### गिरफ्तार करने वाली टीम

1. उ0नि0 राजेश कुमार
2. का0 सुनील कुमार



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 08.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यूपी- 112 मुख्यालय लखनऊ से आयी, प्रचार-प्रसार की टीम ने .

## जनपद में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कर, एलईडी वैन से लघु फ़िल्में दिखाकर लोगों को किया जागरूक-

पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में यूपी 112 मुख्यालय से आयी प्रचार-प्रसार की टीम ने जनपद महोबा में दो दिवसीय जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को किसी भी आपात स्थिति में अपने मोबाइल नम्बर से 112 नम्बर पर कॉल करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के प्रथम दिन रेलवे स्टेशन व परमानंद चौक पर लोगों को जागरुक किया गया, जहाँ पर रेल हादसे में मृतकों के शव को उठाने वाले इसरार मोहम्मद को क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय द्वारा सम्मानित किया गया तथा श्री करुणा शंकर सिंह ने इसरार मोहम्मद को 500/- का नकद पुरुस्कार दिया।

जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र व प्र0नि0 चरखारी श्री शशि कुमार पांडेय की उपस्थिति में चरखारी कस्बे के ड्योढ़ी दरवाज़ा के पास जागरूकता कार्यक्रम चलाया, जिसमें नुक्कड़ नाटक के द्वारा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से आमजन को जागरूक किया, इस दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा जागरूक नागरिक श्री विनय पाठक व कुछ बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।









जागरूकता अभियान को दूसरा कार्यक्रम क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेज बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में व प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री महेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में तहसील कुलपहाड़ में आयोजित किया गया, जिसमें यूपी ११२ की विभिन्न सेवाओं से रूबरू कराया गया, जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घटना की सूचना देकर दूसरों की मदद करने वाले श्री दीपेन्द्र जी को सीओ कुलपहाड़ श्री तेज बहादुर सिंह ने सम्मानित भी किया।

इसके पश्चात कबरई में सीओ सिटी राम प्रवेश राय के मार्गदर्शन में प्रभारी थानाध्यक्ष श्री दिनेश सिंह की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक व एलईडी वैन से लघु फ़िल्में दिखाकर जागरूक किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान दूसरों की मदद के लिए 112 नम्बर पर कॉल करने वाले जागरूक कॉलर श्री संतोष कुमार को भी सम्मानित किया।

इस दौरान मीडिया सेल प्रभारी 112 मुख्यालय लखनऊ ने नागरिकों को बताया कि आग लगने, एंबुलेंस की आवश्यकता होने, पुलिस सहायता तथा प्राकृतिक आपदा के समय 112 से संपर्क कर मदद ली जा सकती है। 112 से विभिन्न माध्यमों फोन करके, व्हाट्सएप (7570000100), एसएमएस (7233000100), ट्विटर, फेसबुक, इंटाग्राम आदि सोशल मीडिया पर भी आपात स्थिति में संपर्क किया जा सकता है, इस संबंध में 112 सेवाओं के पंपलेट्स भी सभी नागरिकों को बांटे गए।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री तेज बहादुर सिंह के साथ-साथ सम्बन्धित सभी थानों के थाना प्रभारी भी मौजूद रहे, महोबा में सभी स्थानों पर नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः- 08.10.2021

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## बालिकाओं एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा और आत्मसम्मान के प्रति किया जा रहा है जागरुक...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ किये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 08.10.2021 को एण्टी रोमियो टीम द्वारा बड़ी चन्द्रिका देवी मन्दिर में जाकर, थाना श्रीनगर में उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश, म0कां0 शीला यादव के साथ कस्बा श्रीनगर के ग्राम पंचायत में, तथा थाना अजनर में व0उ0नि0 रामप्रताप यादव, म0कां0 के साथ ग्राम जैलवाला में व जनपद की अन्य पुलिस टीमों द्वारा जनपद स्तर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों प्रति जागरुक किया गया।

बालिकाओं/छात्राओं से पूंछा जा रहा है कि वह कौन-कौन से स्थान हैं जहां पर मनचलों द्वारा उनको परेशान किया जाता है/फब्तियां कसी जाती हैं तथा कहां पर छात्राओं को एण्टीरोमियो टीम की आवश्यकता ज्यादा महसूस होती हैं ..? जिससे ऐसे स्थानों को चयनित कर शोहदों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

इसी क्रम में एण्टी रोमियो टीम द्वारा सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है जिसमें उनको हेल्पलाइन नम्बरों वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, सभी को साइबर अपराध हेल्पलाइन- 155260 एवं महिला कानूनों के साथ-साथ सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।




@mahobapolice
SP Mahoba
7839857330

# थाना अजनर पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार



आज दिनांक 08/10/2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे शराब के अवैध कारोबार पर नियन्त्रण व उसमे लिप्त अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान में थानाध्यक्ष अजनर लाखन सिंह द्वारा गठित टीम ने अभियुक्त हरिओम अनुरागी पुत्र हरगोविन्द अनुरागी नि. ग्रा. मगरिया थाना अजनर जनपद महोबा उम्र करीब 26 वर्ष को **17 अदद देशी शराब के क्वार्टर** के साथ गिरफ्तार किया जिसके विरुद्ध थाना हाजा पर **मु0अ0सं0 179/2021 धारा 60Ex Act पंजीकृत** कर आवश्यक कार्यवाही की गई ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

हरिओम अनुरागी पुत्र हरगोविन्द अनुरागी नि. ग्रा. मगरिया थाना अजनर जनपद महोबा उम्र करीब 26 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम-**

1.उ.नि. मलखानसिंह
2.का. अशीष कुमार वघेल

## क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना खन्ना का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया एवं जनपदीय पुलिस द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैदल गस्त कर की गई संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग




आज दिनाँक 08.10.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में शान्ति/कानून-व्यवस्था के मद्देनजर समस्त थानों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड, ढाबा, दुर्गा पंडालों आदि जगहो पर पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत मन्दिरों में पुलिस तैनात किया गया है, साथ ही लोगो को कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई । इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब कि दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय द्वारा थाना खन्ना का त्रैमासिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखो का अवलोकन किया गया। जिसमें रजि0नं0-4 व 8 तथा फ्लाई शीट, भूमि-विवाद रजि0, महिला उत्पीडन रजि0, एससी/एसटी उत्पीड़न रजि0, माल रजि0 सहित आदि रजिस्टरो को चेक किया गया तथा माल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये कोविड केयर हेल्प डेस्क और साथ ही महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा की गई थाना स्तर पर जो भी शिकायतें आई हैं उनको रिकॉर्ड किया जा रहा है, कंप्यूटर में भीड किया जा रहा है और पावती दी जा रही है, थाना खन्ना में क्राइम की समीक्षा की गई है जिसमें महिला अपराध से सम्बन्धित कुछ मामलों में वांछित जो प्रीवेंटिव कार्यवाही हैं उसको बढ़ाने पर जोर देने के लिए कहा गया है।

यातायात नियमो के उल्लंघन पर 116 ई-चालान किये गये।



Mahoba Police